-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 07.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **क्षेत्राधिकारी अतर्रा द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत घरों/दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर अपराधो की रोकथाम व अपराधियो की पहचान आदि में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले 06 नागरिको नागरिक सुरक्षा सम्मान चिन्ह देकर किया गया सम्मानित।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 07.05.2025 को क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार यादव द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत घरों/दुकानों आदि में सीसीटीवी कैमरे लगाकर अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की पहचान व खुलासे आदि में स्थानीय पुलिस प्रशासन को महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले 06 नागरिकों को नागरिक सुरक्षा सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी लोग कस्बा अतर्रा के रहने वाले है तथा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अपने-अपने घरों व दुकानों आदि में सीसीटीवी कैमरे लगाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन को अपराधियों की पहचान व खुलासे में सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अतर्रा ने कहा कि समाज के जागरूक नागरिकों की भागीदारी अपराध नियंत्रण में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने अन्य नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे अपने प्रतिष्ठानों और निवास स्थानों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। इस दौरान थानाध्यक्ष अतर्रा श्री आनन्द कुमार सहित क्षेत्र के सम्मानित व सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

सम्मानित किये जाने वाले व्यक्ति-

1. जितेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र महेश प्रसाद निवासी कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा।
2. संतोष अग्रवाल पुत्र कृष्णचन्द्र निवासी कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा।
3. राजा त्रिपाठी पुत्र बाबूराम निवासी कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा।
4. अविनाश पुत्र राजाराम निवासी कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा।
5. अशोक अग्रवाल पुत्र जगदीश निवासी कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा।
6. राहुल गुप्ता पुत्र बाला प्रसाद गुप्ता निवासी कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा।